variations in quality, and additional expenditure incurred in grading and packaging for exports.

(c) to (f) Do not arise.

भटगांव और विश्रामपुर कोयला-खानों में कोयले की चोरी

849. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दक्षिण-पूर्व कोयला क्षेत्र के अन्तर्गत भटगांव और विश्रामपुर कोयला खानों में वर्ष 1992-93 से 1995-96 तक कोयला चोरी होने, कोयले की मात्रा में हेरा-फेरी करने तथा अन्य भ्रष्ट गतिविधियों के कितने मामले प्रकाश में आये हैं;

(ख) इस संबंध में किन-किन अधिकारियों और कर्मचारियों को दोषी पाया गया और उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई;

(ग) इन दोनों कोयला-खानों में किन-किन कर्मचारियों और अधिकारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार, गबन, कोयला चोरी और हेरा-फेरी आदि के मामले लम्बित हैं और वे मामले कब से लम्बित हैं; और

(घ) उपर्युक्त अवधि के दौरान उक्त आरोपों के संबंध में दोषी पाये गये अधिकारियों और कर्मचारियों का ब्यौरा क्या है?

कोयला मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कान्ति सिंह): (क) से (घ) 1992-93 से 1995-96 की अवधि के दौरान साउथ ईस्टर्न कोल्डफील्ड्स लि० (सा०ई०को०लि०) की भटगांव तथा विश्रामपुर कोलियरियों में हुई चोरी के तथा अन्य भ्रष्टाचार के मामले की सूचना नीचे दर्शायी गई है:—

वर्ष	मामलों की संख्या		अंतर्ग्रस्त	अंतर्ग्रस्त	की गई कार्रवाई
	चोरी	गैर-चोरी	अधिकारियों की सं०	कर्मचारियों की सं०	
1992-93	—	—	—	—	—
1993-94	—	1	3	—	विभागीय जांच का कार्य प्रगति पर है।
1994-95	—	1	—	2	** दोनों कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।
1995-96	1*	1	—	2	विभागीय जांच का कार्य प्रगति पर है।

* 1995-96 के चोरी के मामले में कंपनी का कोई अधिकारी/कर्मचारी अंतर्ग्रस्त नहीं था। यह मामला स्थानीय पुलिस के पास दर्ज कराया गया था, जोकि एक परिवहन कंपनी के दो कर्मचारियों के विरुद्ध दर्ज कराया गया था।

** इनके नाम थीना राम और करीम खान हैं।

Streamlining of Registration Procedure

850. SHRI V. HANUMANTHA RAO: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) the steps proposed to streamline the registration procedure of new units;

(b) whether it is a fact that entrepreneur from Andhra Pradesh are facing the burden of having to travel to Delhi for such work; and

© the steps proposed to monitor the activities of the Department?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI MURASOLI MARAN): (a) to (c) With the announcement of New Industrial Policy in July, 1991, for setting up industrial units in delicensed sector,